# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## फरवरी-मार्च – 2020

## अंक-योजना – हिंदी 'अ' कोड संख्या 3/1/1 - 2, 3

## SUBJECT CODE: 002

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

**विशेष निर्देश :**

**परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें। **मूल्यांकन हम सबके लिए 10-12 दिन का मिशन है अतः यह आवश्यक है कि आप इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।**

2. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्नपत्र में दिए गए दक्षता आधारित(competency based) दो प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।**

3. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

4. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×)। मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

5. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायींओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**

6. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

8. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

9. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

10. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर-पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

11. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न ( √ ) लगाना किंतु अंक न देना। सुनिश्चित करें कि ( √) या (×) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

13. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

14. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

15. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

16. बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>मनुष्य का सबसे ...................................... महामंत्र है। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• आत्मनिर्भरता / स्वावलंबन ;<br>• जीवन में आने वाली बाधाओं और निराशा का सामना करने के लिए | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – आत्मविश्वास क्यों आवश्यक है और कैसे जाग्रत हो सकता है?<br>उत्तर –<br>• जीवन में सभी कार्य कर सकने के लिए ;<br>• संघर्ष करके / मेहनत करके | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है और क्यों?<br>उत्तर –<br>• आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। ;<br>• इन्हीं गुणों की सहायता से हम स्वावलंबी बनते हैं। | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – स्वावलंबन का अभाव मनुष्य का सबसे बड़ा अवगुण क्यों | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | है?<br>उत्तर – स्वावलंबन के अभाव से मनुष्य –<br>• हमेशा दूसरों पर निर्भर रहता है।<br>• जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता।<br>• समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में कोई सहयोग नहीं दे पाता।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – 'आत्मबल' के लिए क्या आवश्यक है?<br>उत्तर – आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता | 1 |
| | (च) | (च) | (च) | प्रश्न – उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।<br>उत्तर – आत्मनिर्भरता / स्वावलंबन<br>(अन्य उपयुक्त शीर्षक भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 2 | 2 | 2 | 2 | प्रश्न – निर्देशानुसार उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – पत्थर की मूर्ति थी परंतु चश्मा असली था। /<br>मूर्ति पत्थर की थी पर / और चश्मा असली था। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया। (सरल वाक्य में बदलिए) | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – काशी में संगीत आयोजन की एक परंपरा है, जो प्राचीन एवं अद्भुत है। /<br>काशी में संगीत आयोजन की जो एक परंपरा है, वह प्राचीन एवं अद्भुत है। /<br>काशी में जो संगीत आयोजन की एक परंपरा है, वह प्राचीन एवं अद्भुत है। | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य - जिसका नाम कैप्टन है<br>भेद - विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – एक साल पहले बने कॉलेज में शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – एक साल पहले कॉलेज बना था और उसमें शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। /<br>कॉलेज एक साल पहले बना था और उसमें शीला अग्रवाल की नियुक्ति हुई थी। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – जो व्यक्ति साहसी हैं उनके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। (सरल वाक्य में बदलिए) | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – साहसी व्यक्तियों के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – सवार का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – जैसे ही सवार का संतुलन बिगड़ा, वैसे ही वह गिर गया। /<br>जैसे ही सवार का संतुलन बिगड़ा, वह गिर गया। /<br>जब सवार का संतुलन बिगड़ा, तब वह गिर गया। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – केवट ने कहा कि बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य – बिना पाँव धोए आपको नाव पर नहीं चढ़ाऊँगा।<br>भेद – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – उसने स्टेडियम जाकर क्रिकेट मैच देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – वह स्टेडियम गया और उसने क्रिकेट मैच देखा। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – जैसे ही बच्चे को खिलौना मिला वह चुप हो गया। (सरल वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – बच्चा खिलौना मिलते ही चुप हो गया। /<br>बच्चे को खिलौना मिलते ही वह चुप हो गया। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>उत्तर – मन्नू जी की जो साहित्यिक उपलब्धियाँ हैं, उनके लिए उन्हें | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। / मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियाँ हैं जिनके लिए उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – जो शांति बरसती थी वह चेहरे पर स्थिर थी। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए।)<br>उत्तर – आश्रित उपवाक्य - जो शांति बरसती थी<br>भेद - विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½ +½ =1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया गया। | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – दर्द के कारण उससे खड़ा ही नहीं हुआ गया। | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया? (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा? | 1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कहा कि खीरा लज़ीज़ होता है। (कर्मवाच्य में) | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – नवाब साहब द्वारा हमारी ओर देखकर कहा गया कि खीरा लज़ीज़ होता है। | 1 |
| | – | (क) | – | प्रश्न – किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – किसान ने खेत की जुताई की। | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – कितने कंबल बँटे? (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – कितने कंबल बाँटे गए? | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – आओ, यहाँ बैठ सकते हैं। (भाववाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – आओ, यहाँ बैठा जा सकता है। | 1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – सैनिकों द्वारा देश की रखवाली की जाती है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – सैनिक देश की रखवाली करते हैं। | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – मैं दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाऊँगी। (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – मेरे द्वारा दीपावली पर मिट्टी के दीए जलाए जाएँगे। | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – हर्षिता पैदल चल नहीं सकती। (भाववाच्य में बदलिए) | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – हर्षिता से पैदल चला नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – तुमसे चुप नहीं रहा जाता। (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>उत्तर – तुम चुप नहीं रहते / रह सकते। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए – (पदनाम सही होने पर कोई एक अन्य बिंदु स्वीकार्य) | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – आजकल <u>प्रदूषण</u> तेज़ी से फैल रहा है।<br>उत्तर – प्रदूषण - संज्ञा (भाववाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – वक्त काटने के लिए खीरे <u>खरीदे होंगे</u>।<br>उत्तर – खरीदे होंगे - क्रिया (सकर्मक), पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल, 'खीरा' कर्म | ½ +½ =1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब <u>थककर</u> लेट गए।<br>उत्तर – थककर - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'लेट गए' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – मेदा भी <u>मेरा</u> कमज़ोर है।<br>उत्तर – मेरा - विशेषण (सार्वनामिक), एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मेदा' | ½ +½ =1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – सफ़ेद घोड़ा तेज भागता है।<br>उत्तर – सफ़ेद - विशेषण (गुणवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, 'घोड़ा' विशेष्य। | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – खीरा लज़ीज़ होता है।<br>उत्तर – खीरा - संज्ञा (जातिवाचक), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | ½ +½ =1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – यह भाषा किस क्षेत्र में बोली जाती है?<br>उत्तर – यह - विशेषण (सार्वनामिक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'भाषा' विशेष्य | ½ +½ =1 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – वह हमेशा सच बोलता है।<br>उत्तर – हमेशा - क्रियाविशेषण (कालवाचक), 'बोलता है' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – बाग में कुछ महिलाएँ बैठी थीं।<br>उत्तर – बैठी थीं - क्रिया (अकर्मक), स्त्रीलिंग, बहुवचन, भूतकाल | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – मुझे अपनी पत्नी और पुत्र की मृत्यु याद आ रही है।<br>उत्तर – अपनी - विशेषण (सार्वनामिक), स्त्रीलिंग, एकवचन, 'पत्नी' विशेष्य | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – एक शर्त रखी कि मैं भारत जाऊँगा।<br>उत्तर – भारत - संज्ञा (व्यक्तिवाचक), पुल्लिंग, एकवचन, कर्म | |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | कारक | ½ +½ =1 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – <u>नहीं</u> जानता, बस मन में यह था।<br>उत्तर – नहीं - क्रियाविशेषण (रीतिवाचक), 'जानता' क्रिया की विशेषता | ½ +½ =1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए – | |
| | (क) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>उस काल मारे .................सागर जगा।<br>उत्तर – रौद्र रस | 1 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'वीर रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'वीर रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – 'शांत रस' का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – निर्वेद | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – उद्दीपन से आप क्या समझते हैं?<br>उत्तर – जो सहृदय के भावों को उद्दीप्त करे | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – स्थायी भाव से क्या अभिप्राय है?<br>उत्तर – सहृदय के हृदय में स्थायी रूप से विद्यमान भाव | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (क) | – | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>एक ओर अजगरहिं .......... मूरछा खाय।।<br>उत्तर – भयानक रस | 1 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'रौद्र रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'रौद्र रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'करुण रस' का स्थायी भाव क्या है?<br>उत्तर – शोक | 1 |
| | – | – | (क) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस पहचान कर लिखिए –<br>विरह का .......... का जलजात।।<br>उत्तर – श्रृंगार रस / वियोग श्रृंगार रस | 1 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – 'वीभत्स रस' का एक उदाहरण लिखिए।<br>उत्तर – 'वीभत्स रस' का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य | 1 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – 'हास्य रस' का स्थायी भाव लिखिए।<br>उत्तर – हास | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 6 | 6 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>पानवाले के लिए ........................ निकल गया होगा। उफ़.......! | |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी और क्यों?<br>उत्तर –<br>• मूर्ति पर मास्टर द्वारा चश्मा बनाना भूल जाना / कैप्टन द्वारा मूर्ति पर हर बार नया चश्मा लगाना ;<br>• पान वाले का स्वभाव ऐसा था कि उसे ऐसी बातों में मज़ा आता था। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?<br>उत्तर –<br>• वह ड्राइंग मास्टर था किंतु उसे मूर्ति बनाने का कार्य दे दिया गया था।<br>• सीमित समय में बनाने का दबाव | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने की क्या-क्या संभावनाएँ व्यक्त कीं?<br>उत्तर –<br>• पत्थर की मूर्ति पर काँच वाला पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए, तय नहीं कर पाया होगा।<br>• चश्मा बनाने का प्रयास तो किया होगा लेकिन बना नहीं पाया होगा।<br>• कुछ और बारीकी के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा।<br>• पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 7 | 7 | 6 | 6 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – बालगोबिन भगत के गीतों का खेतों में काम करते हुए और आते-जाते नर-नारियों पर क्या प्रभाव पडता था?<br>उत्तर –<br>• रोपनी करने वालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती थीं।<br>• हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते थे।<br>• उनके हाथों में तेज़ी और मस्ती आ जाती थी।<br>• नर-नारी भी गुनगुनाने लगते थे।<br>• मेड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते थे।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' रचना में नवाब साहब की सनक को आप कहाँ तक उचित ठहराएँगे? क्यों?<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – फ़ादर बुल्के ने भारत में रहते हुए हिंदी के उत्थान के लिए क्या कार्य किए?<br>उत्तर –<br>• हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए आजीवन प्रयास करते रहे/ अकाटय तर्क प्रस्तुत करते रहे।<br>• अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश तैयार किया।<br>• मातरलिंक के प्रसिद्ध नाटक 'ब्लू बर्ड' का रूपांतर 'नीलपंछी' | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | के नाम से किया।<br>• साहित्यिक गोष्ठियों में सक्रिय भूमिका<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लेखिका के पिताजी के सकारात्मक और नकारात्मक गुणों का उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• महत्वाकांक्षा, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प, स्वतंत्रता आंदोलन में रुचि, स्त्री-शिक्षा को प्रोत्साहन, ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता, स्वतंत्र विचार।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>• अहंकार, शक, क्रोध, यश-लिप्सा, गोरे-काले रंग का भेदभाव, महिलाओं की आज़ादी की सीमा को तय करना, पत्नी के प्रति संवेदनहीनता, परिस्थितियों के दवाब में आ जाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | ½ +½ +½ +½=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?<br>उत्तर – जिस प्रकार कस्तूरी मृग के भीतर ही कस्तूरी की गंध होती है और वह उसकी तलाश में भटकता रहता है उसी प्रकार बिस्मिल्ला खाँ सुरों के सच्चे ज्ञाता होते हुए भी ईश्वर से सच्चे सुर की प्रार्थना करते रहते थे। | 2 |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 8 | 8 | 8 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –<br>हरि हैं राजनीति .................................. न जाहिं सताए।। | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।' में निहित व्यंग्य को समझाइए।<br>उत्तर – कृष्ण गोपियों को आश्वासन देकर गए परंतु वापस नहीं आए। गोपियाँ व्यंग्य कर रही हैं कि अब वे एक राजनीतिज्ञ की तरह व्यवहार करने लगे हैं। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – श्रीकृष्ण द्वारा चुराए गए मन को वापस माँगने में निहित गोपियों की मनोव्यथा को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• विरह वेदना की तीव्रता<br>• कृष्ण द्वारा मिलने का वादा नहीं निभाने की व्यथा<br>• गोपियों द्वारा यह जताया जाना कि अब उन्हें कृष्ण से कोई उम्मीद शेष नहीं है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है? उन्होंने 'राजधर्म' का उल्लेख क्यों किया है?<br>उत्तर –<br>• प्रजा का कल्याण करना, प्रजा को अन्याय से मुक्ति दिलाना, अपनी प्रजा को संत्रस्त न करना ;<br>• राजधर्म का उल्लेख कर यह याद दिलाना कि सबके प्रति समभाव रखना उनका कर्तव्य है। वे भी उनकी प्रजा हैं। अत: उनके साथ भी अन्याय न होने देना उनका धर्म है। | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 9 | 9 | 9 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'अट नहीं रही है' कविता में 'उड़ने को नभ में तुम पर-पर कर देते हो' के आलोक में बताइए कि फागुन लोगों के मन को किस तरह प्रभावित करता है?<br>उत्तर –<br>• फागुन महीने में प्राकृतिक सौंदर्य चरम पर होता है।<br>• मन कल्पनाओं में खोकर उड़ान भरने लगता है।<br>• वातावरण अत्यंत सुहावना तथा मादक बन जाता है।<br>• मन खुशी तथा प्रसन्नता से भर उठता है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – शिशु के धूलि-धूसरित शरीर को देखकर कवि नागार्जुन ने क्या कल्पना की?<br>उत्तर – तालाब छोड़कर कमल उसकी झोंपड़ी में खिल गया है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – प्रभुता की कामना को मृगतृष्णा क्यों कहा गया है? 'छाया मत छूना' कविता के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• जिस तरह से मृग प्यास बुझाने के लिए भटकता रहता है, उसी तरह से व्यक्ति प्रभुता की कामना में भटकता रहता है।<br>• प्रभुता या बड़प्पन का अहसास एक भ्रम है / प्रभुता की कामना सदा अतृप्त रहती है। | 2 |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | (घ) | (घ) | प्रश्न – 'संगतकार' कविता में कवि ने आम लोगों से क्या अपेक्षा की है?<br>उत्तर –<br>• अपनी आवाज़ को ऊँचा न उठाने को संगतकार की कमज़ोरी या असफलता नहीं मानना चाहिए।<br>• संगतकार को यथायोग्य सम्मान देना चाहिए / संगतकार के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | प्रश्न – परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपने विचार लिखिए।<br>उत्तर – (संदर्भगत मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – 'बच्चे रोना-धोना, पीड़ा, आपसी झगड़े ज़्यादा देर तक अपने साथ नहीं रख सकते हैं।' 'माता का आँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – बच्चे सरल और निश्छल स्वभाव के होते हैं, वे लड़ाई-झगड़े की कटुता को अधिक देर तक अपने मन में नहीं रख सकते।<br>पाठ में उदाहरण –<br>• माँ के द्वारा भोलानाथ के बालों में कड़वा तेल डालना और उनका रोना फिर पिता के साथ बाहर जाने पर साथियों के साथ हँसना-खेलना | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • मूसन तिवारी को चिढ़ाए जाने पर गुरुजी का लड़कों की खबर लेना, भोला नाथ का रोना और साथियों के झुंड में वापस जाकर खेलना<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – जॉर्ज पंचम की लाट की टूटी नाक लगाने के क्रम में पुरातत्व विभाग की फाइलों की छानबीन की ज़रूरत क्यों आ गई? क्या उससे समाधान संभव था? क्यों?<br>उत्तर – यह पता लगाने के लिए कि लाट कब, कहाँ और किस पत्थर से निर्मित हुई।<br>(प्रश्न के दूसरे और तीसरे भाग के उपयुक्त मुक्त उत्तर के लिए अंक दें) | 1+1+1=3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रश्न – यात्राएँ विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होने का अच्छा माध्यम हैं। 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तांत के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।<br>उत्तर –<br>• यात्राओं से हम वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ भाषा, रीति-रिवाज़, परंपराओं, मान्यताओं से भी परिचित होते हैं।<br>• हम दूर बैठकर किसी स्थान की संस्कृति का अनुभव नहीं कर सकते।<br>उदाहरण –<br>• लेखिका ने प्रार्थना के बोल नेपाली युवती से सीखे।<br>• वहाँ के निवासियों की कड़ी मेहनत, अभाव और गरीबी को साक्षात देखा। | |

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • धर्म चक्र से जुड़ी आस्था और श्वेत 108 बौद्ध पताकाओं की मान्यता को जाना।<br>• सिक्किमी परिधान (बोकु) के सौंदर्य से प्रभावित हुई।<br>• पहाड़ी बच्चों को स्कूल जाने के साथ-साथ माँ-बाप का हाथ बँटाते देखा।<br>• पहाड़ी लोगों की मान्यता के अनुसार – ''यहाँ देवी-देवताओं का निवास है; यहाँ जो गंदगी फैलाएगा मर जाएगा।'' इस तथ्य से लेखिका का परिचित होना।<br>(कोई एक उदाहरण अपेक्षित) | 3 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – | |
| | (क) | (क) | (क) | महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती<br>• मनाने के उद्देश्य<br>• गांधीजी का जीवन<br>• आज़ादी के आंदोलन में भूमिका<br>• प्रासंगिकता | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | महानगरीय भीड़भाड़ और मेट्रो<br>• यातायात और भीड़भाड़<br>• प्रदूषण की समस्या<br>• मेट्रो रेल की भूमिका<br>• मेट्रो के लाभ | |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | ग्लोबल वार्मिंग और जन-जीवन<br>• ग्लोबल वार्मिंग का अभिप्राय<br>• ग्लोबल वार्मिंग के कारण<br>• ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ<br>• बचाव के उपाय<br><br>उत्तर -<br>निबंध-लेखन<br>• भूमिका और उपसंहार - 2<br>• विषयवस्तु - 4<br>• प्रस्तुति - 2<br>• भाषायी शुद्धता - 2 | 10 |
| 12 | 12 | – | – | प्रश्न – सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। | |
| | अथवा | – | – | आपके छोटे भाई / बहन ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए एक पत्र 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | 12 | – | प्रश्न – पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्राचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | अथवा | – | आपकी बड़ी बहन को चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो गया है। इस सफलता के लिए बधाई-पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | 12 | प्रश्न – यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा दो अन्य सुझाव देते हुए यातायात पुलिस आयुक्त को पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। | |
| | – | – | अथवा | आपका छोटा भाई अनुराग परीक्षा में नकल करता पकड़ा गया, जिसके लिए उसे दंडित किया गया। उसे समझाते हुए पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए।<br>उत्तर –<br><u>पत्र-लेखन</u><br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |
| 13 | 13 | – | – | प्रश्न – नगर में आयोजित होने वाली भारत की सांस्कतिक एकता प्रदर्शनी को देखने के लिए लोगों को आमंत्रित करते हुए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | अथवा | – | – | प्रदूषण से बचने के लिए जनहित में जारी एक विज्ञापन पर्यावरण विभाग की ओर से 25-50 शब्दों में लिखिए। | |

अंक-योजना मार्च, 2020

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 13 | – | प्रश्न – देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | – | अथवा | – | आपके नगर में मिठाई की एक नई दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | 13 | प्रश्न – आपके शहर में विराट हास्य कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसमें देश के प्रसिद्ध हास्य कवि आमंत्रित हैं। इसके प्रचार के लिए एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। | |
| | – | – | अथवा | रजिस्टर एवं कॉपियाँ बनाने वाली 'रचना कंपनी' के लिए उत्पाद प्रचार हेतु एक विज्ञापन लगभग 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>विज्ञापन-लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषायी शुद्धता – 1 | 5 |